# मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकालेगी गुलाबी गैंग

## संगठन प्रमुख पूर्णिमा वर्मा ने प्रेसवार्ता में किया ऐलान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले सहित संपूर्ण प्रदेश में महिला अपराध की घटनायें लगातार देखने को मिल रही हैं। हमारा जिला महिला अपराध में धधक रहा है। आखिर पुलिस क्यों भूल गयी अपनी जनसेवा की शपथ? अधिकारी क्यों हो गए गूंगे बहरे? चौकियॉ खाली रहती हैं। अफसर फोन नहीं उठाते हैं, शहर और जिले की कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से निरंकुश हो चुकी है। प्रशासन के नुमाईंदे को प्रदेश सरकार ने सर्कस के शेर की तरह बना दिया है, जो आज गली के कुत्तों से भी डर रहे हैं, जिस वजह से हमारी बहन, बेटियॉं, हमारी बच्चियॉं भय और आतंक के सायें में पूर्ण रूप से आज असुरक्षित हैं। इनकी बिगड़ती कानून व्यवस्था से पूरे प्रदेश में गांव में, शहर में भय और अराजकता माहौल है। एनसीआर के आंकडे बताते हैं कि मध्य प्रदेश महिला उत्पीड़न, अत्याचार धधक रहा है।

ये आरोप गुलाबी गैंग मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ कमाण्डर एवं प्रभारी संपूर्ण महाराष्ट्र पूर्णिमा वर्मा ने 12 मार्च दिन बुधवार को स्थानीय खजरी रोड स्थित होटल देव इंटरनेशनल में एक प्रेस वार्ता के दौरान लगाये। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री की लापरवाही और बेपरवाही यह बताती है कि सत्ता का नशा इनके सर चढ़कर कैसे बोल रहा है। ये बोलने की आजादी छीनकर दमन की राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और जिले के सांसद ने पुलिस प्रशासन को अपने हाथों की कठपुतली बनाकर रखा है। माता-बहनों समाज के लोगों से बोलने और विरोध प्रदर्शन की आजादी भी छीन रहे हैं। पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि चौरई क्षेत्र माचागोरा डेम जहॉं जिले के अलावा अन्य जिलों, ग्रामों से लोग पर्यटन के लिये आते हैं, प्रशासन ये सब कुछ जानता है कि बढ़ते पर्यटन के कारण डेम से लगे गांवो में अवैध कुचिया, कच्ची पक्की शराब की जमकर अवैध रूप से बिक्री हो रही है।

पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि गुलाबी गैंग के पास नित नई शिकायतें आ रही है, क्षेत्र की इस स्थिति ने उन्होनें पूर्व में ही जिला पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर, जिला आबाकारी अधिकारी, मुख्यमंत्री, सांसद सहित सभी अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत करा चुकी हैं बावजूद आज





दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं होने से जनता में आक्रोष व्याप्त है और हाल ही में शराबियों ने माचागोरा गांव में शराब पीकर उत्पात् मचाया एवं स्थानीय महिलाओं को धमकी दी गई देखते हैं। यहॉ शराब की बिक्री पर कौन रोक लगाता है, इस घटना की सूचना भी थाना चौरई में की गई परंतु उन्होनें भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि उन्होनें जिले के सांसद से इस क्षेत्र के आसपास बढ़ते पर्यटन को देखते हुये पर्यटकों एवं महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुये इस डेम के आसपास क्षेत्र को स्पेशल जोन में लाते हुये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जायें एवं संपूर्ण डेम के आसपास सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गये एवं माचागोरा डेम के आसपास ग्रामों के अंदर अवैध शराब की कुचिया एवं बिक्री पर रोक लगाकर जुर्माने की कार्यवाही की जावे। होली पर्व के मद्देनजर गांवो में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, लेकिन मेरे आवेदन को गंभीरता से नहीं लिया गया।गांव में दहशत का माहौल है, सांसद स्वयं माचागोरा का निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम को देख सकते हैं। वोटिंग की जगह पर कोई सुरक्षा स्काड आदि नहीं लगाये गये, कैमरे, कहीं नहीं है, वाहन लगाातर डेम के उपर से जा रहे हैं जिसके कारण शीघ्र ही डेम कमजोर होता जायेगा और हमारे जिले की धरोहर नष्ट होगी जिसका खामियाजा हमारे जिले के किसानों एवं आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

गुलाबी गैंग ने मांग की है कि डेम की दीवारों पर जाली की रेलिंग लगायी जाये, क्योंकि रेलिंग नहीं होने के कारण आये दिन आत्महत्या की घटनायें घटित हा रही हैं। वहीं छिंदवाड़ा शहर की बात करें तो आंनद नगर वार्ड नंबर 47 में सनराईज स्कूल के पीछे अवैध शराब एवं गांजा बिक रहा है, यहॉ के नौजवान अबोध बच्चें हर रोज इसकी चपेट में आ रहे हैं। बार-बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई जिसकी वजह से एक 14 वर्षीय बालक ने भी आत्महत्या की। महिलाएँ बहुत आक्रोषित हैं। गुलाबी गैंग ने मांग की है कि प्रदेश, जिले सहित संपूर्ण ग्रामों में अवैध कुचिया एवं अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगायी जावे अन्यथा गुलाबी गैंग संपूर्ण प्रदेश में उग्र आंदोलन कर मुख्यमंत्री की शव यात्रा निकालेगी।

## स्वच्छता जागरूकता एवं नागरिक फीडबैक अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर में स्वच्छता जागरूकता एवं नागरिक फीडबैक अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके फीडबैक के आधार पर सफाई व्यवस्था में सुधार लाना था। नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके एवं निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वार्डों में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया गया और नागरिकों को स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

नगर निगम की टीम द्वारा वार्ड 37 में घर-घर जाकर नागरिकों से स्वच्छता से संबंधित फीडबैक लिया गया और उन्हें अपनी राय देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नागरिकों के फीडबैक से स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। नगर निगम द्वारा वार्ड 12 में कचरा प्रबंधनए गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण और घरेलू हानिकारक कचरे के सुरक्षित निपटान के विषय में नागरिकों को जागरूक किया गया। साथ हीए स्वच्छता महुआ ऐप के उपयोग को लेकर जानकारी दी गई और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। वार्ड 11 में स्वच्छता टीम ने नागरिकों को कचरे के प्रकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें बताया कि रेड स्पॉट क्यों नहीं बनाने चाहिए। गंदगी से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए लोगों को साफ सफाई के महत्व से अवगत कराया गया।

### सार-समाचार

## मप्र भाजपा सरकार के बजट में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के लिए सिर्फ बेरुखी, भेदभाव और धोखा : गुंजन शुक्ला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने मध्य प्रदेश सरकार के बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इस बजट में छिंदवाड़ा पांढुर्णा क्षेत्र के लिए सिर्फ बेरुखी, भेदभाव और धोखा है। उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार छिंदवाड़ा पांढुर्णा की जनता के हितों के साथ लगातार कुठारा घात कर रही है। छिंदवाड़ा पांढुर्णा की जनता भाजपा सरकार से कुछ नया तो मांग ही नहीं रही है, केवल कमलनाथ की कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यो के लिए ही अगर बजट मिल जाए तो छिंदवाड़ा पांढुर्णा का कायाकल्प हो जाएगा।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि आज के बजट में ना तो छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी को बजट मिला ना कृषि महाविद्यालय को बजट मिला, ना हॉर्टिकल्चर कॉलेज को बजट मिला, ना कमलनाथ का सपना सिम्स सुपर स्पेशलिटी मेडिकल कॉलेज के लिए बजट मिला, ना सिंचाई कॉम्प्लेक्स, ना जेल कॉम्प्लेक्स, ना मिनी स्मार्ट सिटी, ना ऑडिटोरियम हॉल, न टाउन हॉल को पुरातात्विक धरोहर के रूप में विकसित करने कुछ मिला, ना भरता देव जैव विविधता पार्क जैसे प्रोजेक्ट को कुछ मिला और ना ही आनन फानन में बनाए गए नवीन पांढुर्णा जिले को कुछ मिला। भाजपा की मोहन यादव सरकार ने अपने दूसरे बजट में भी पांढुर्णा जिले के लिए अधो संरचना निर्माण के लिए कोई बजट नहीं दिया। पांढुरना को कागजों में जिला तो बना दिया गया है लेकिन नए जिले के लिए सभी विभागों के सरकारी कार्यालयों के साथ अधिकारियों की पद स्थापना करना, सरकारी ढांचा विकसित करना जैसा कुछ भी नहीं किया गया है।

इस प्रकार से छिंदवाड़ा पांढुर्णा की घोर उपेक्षा मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के बजट में की गई है । कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा पर जनता को गुमराह करके वोट लेने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि छिंदवाड़ा को महानगर बनाने का झूठा सपना दिखाकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में वोट तो ले लिए लेकिन क्षेत्र की लगातार हो रही उपेक्षा से आज छिंदवाड़ावासी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

## मप्र शिक्षक संघ के कैलेंडर का वितरण

**परासिया, देशबन्धु।** विकास खण्ड परासिया में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के शैक्षणिक केलेण्डर का वितरण विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारी श्रीराम धुर्वे, बी. आर. सी. श्याम कुमार गुन्हेरे से वितरण का शुभारंभ किया। विकास खण्ड अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजेश धुर्वे, नगर अध्यक्ष जय कुमार आर्य, विनोद सोनी, विजेन्द्र राठोर,शादाब कुरैशी, हरीश गव्हाने, संजय सिंह, राजेश गढवाल द्वारा विभिन्न शालाओं से आये शिक्षकों को शैक्षणिक केलेण्डर का वितरण किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रतिमाह के अंतिम शनिवार को संघ की मासिक बैठक आयोजित की जावेगी जिसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ पर विचार विमर्श कर यथा संभव निदान कराया जावेगा।

## मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के चुनाव की अधिसूचना जारी

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा छिंदवाड़ा एवं मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा पांढुर्णा द्वि वार्षिक चुनाव कराने की अधिसूचना प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी कर दी गई है।मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री श्री हेमंत चॉंद ने बताया कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के चुनाव 30 मार्च 2025 को होगा। छिंदवाड़ा जिले के लिए निर्वाचन अधिकारी श्री पी के लांबा होंगे पांढुर्णा जिला के लिए निर्वाचन अधिकारी श्री टी.के. ठाकरे होंगे प्रदेश उपाध्यक्ष भूशंकर डेहरिया ने बताया निर्वाचन मतदाता सूची का प्रकाशन 14 मार्च 2025 को किया जावेगा दावे आपत्ति दिनांक 15 मार्च 2025 में प्राप्त किए जाएंगे। संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 16 मार्च 2025 को किया जावेगा निर्वाचन अधिकारी श्री पी. के. लांबा एवं श्री टी. के.ठाकरे ने बताया 26 एवं 27 मार्च 2025 को नामांकन भरे जाएंगे 28 मार्च 2025 को नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी 29 मार्च 2025 को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी की जावेगी 30 मार्च 2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान किया जावेगा शाम 5:00 बजे निर्वाचित उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

## ग्राम नौलाखापा से 75 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा जिले मे अवैध शराब मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब भंडारण व परिवहन करने वाले के विरुद्ध प्रभावी करवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जुन्नारदेव एस.डी.ओ.पी. सोनम पाटिल व थाना प्रभारी राकेश बघेल के मार्गदर्शन में जुन्नारदेव पुलिस के द्वारा ग्राम नौलाखापा मे होली के त्यौहार में अवैध रूप से बेचने के उद्देश्य से विजेंद्र उर्फ कुन्ना बेलवंशी के द्वारा उसके घर के पीछे बाड़ी मे भारी मात्रा में शराब रखे होने की सूचना पर थाना जुन्नारदेव एवं अंबाड़ा पुलिस को मिली थी।

मुखबिर की सूचना पर चौकी के स्टाफ के द्वारा नौलाखापा में आरोपी विजेंद्र उर्फ कुन्ना बेलवंशी ग्राम नौलाखापा के घर के पीछे दबिश दी गई लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गया। एवं आरोपी के बाड़ी में सीमेंट की बनी हुई पानी की एक खाली टंकी में एक प्लास्टिक ड्रम एवं 15-15 लीटर की दो प्लास्टिक की कुप्पिया मिली जिसमें हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब जो कि कुल 75 लीटर कच्ची शराब पाई गई।

शराब बनाने मे उपयोग में लिए गए सामग्री एक बड़ा जर्मन का गंज एक प्लास्टिक का पाइप एवं सील बंद 5 केन में भरी हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं एक प्लास्टिक का बड़ा नीला ड्रम जप्त किया गया। एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 88/2025 धारा 34(2) मध्य प्रदेश आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं फरार आरोपी की तलाश पतासाजी की जा रही है।

इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी राकेश बघेल, अंबाड़ा चौकी प्रभारी मिथुन ओसारी, उप निरीक्षक पूनम उइके, उप निरीक्षक मनोज चौधरी, प्रधान आरक्षक दिलीप उपाध्याय, कपूरचंद, राम अवतार तिवारी, आरक्षक रम्मू मसराम, योगेश जांगले, अमित सीडाम, महिला आरक्षक निधि बघेल, पूर्णिमा वर्मा, ओमलता उईके एवं सैनिक दिलीप मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सोनपुर मल्टी से आरोपी को पिस्टल सहित किया गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत दिवस कोतवाली पुलिस ने सोनपूर मल्टी के पास से अवैध आग्नेय शस्त्र पिस्टल एवं कारतूस लिये आरोपी संजय रघुवंशी को गिरफ्तार किया।

नगर निरीक्षक सिटी कोतवाली उमेश गोल्हानी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि आगामी धर्मिक त्यौहारो के मद्देनजर रखते हुए जिले मे अवैध मादक पदार्थ, अवैध शस्त्र एवं आसामाजिक तत्वो पर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया, अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ट अधिकारियो से निर्देश प्राप्त हुए थे, अजय पांडे आई.पी.एस. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व मे 11 मार्च 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सोनपूर मल्टी के तरफ कमर मे आग्नेय शस्त्र (देशी पिस्टल) रखे हुए दिखाई दिया है जो कोई अप्रिय घटना कारित कर सकता है।

सूचना पर घटना स्थल सोनपूर मल्टी के पास रोड किनारे छिन्दवाड़ा पर एक संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक स्टील की देशी पिस्टल जिसमे मैगजीन लगी हुई है एवं 02 जिंदा कारतूस जप्त किया गया जिसने स्वयं का नाम संजय रघुवंशी पिता सबल सिंह रघुवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम बतरी थाना चांद जिला छिन्दवाड़ा के विरुध्द अपराध क्र. 134/2025 धारा 25(1)(1-क) आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, स.उ.नि. अमित कुमार यादव, स.उ.नि. ब्रिजेश रघुवंशी, प्र.आर. 98 रविन्द्र ठाकुर, आर. 219 विकास बैस, आर. 857 शैलेन्द्र राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन्हें पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने मनाई धरणीधर की 101वीं जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई द्वारा सोमवार को पीएमश्री एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के बाबा संपतराव धरणीधर भवन में बाबा संपतराव धरणीधर की 101 वीं जन्म जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुये। महाविद्यालय के राजभाषा विभाग की हिन्दी स्नातकोत्तर परिसर के सहयोग से संपन्न इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के वरिष्ठ साहित्यकार रत्नाकर रतन थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. लक्ष्मीचंद थे। इस कार्यक्रम में जहां साहित्यकारों ने बाबा संपतराव धरणीधर से जुडे अपने संस्मरण सुनाते हुये उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की, वहीं युवा गायक ओशिन धारे ने बाबा संपतराव धरणीधर की रचनाओं की संगीतिक प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रत्नाकर रतन ने कहा कि बाबा धरणीधर का व्यक्तित्व बहुत ही विशाल था तथा उनसे जुड़े कई संस्मरण है। सभी बड़े साहित्यकार उनसे प्रभावित थे और उनका आदर करते थे। कई कवि सम्मेलनों में उनके साथ मुझे जाने का अवसर मिला। उन्होंने दैनिक समाचार पत्र के संपादन के दौरान बाबा धरणीधर द्वारा लिखवाई गई रचनाओं और उनके प्रभावी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।


कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीचंद ने कहा कि कवि की कविता कालजयी होती है, किन्तु किसी कवि की कालजयता सबके हिस्से में नहीं आती। बाबा धरणीधर के हिस्से में यह कालजयता रही तथा उन्होंने अपने साहित्य की धारण क्षमता से यह अहसास कराया कि वे वास्तव में धरणीधर है। उन्होंने बाबा धरणीधर की आंख शीर्षक कविता की प्रभावशीलता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के राजभाषा विभाग में विभिन्न जिलों के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं तथा छिंदवाड़ा जिले के साहित्यकारों की विरासत से उन्हें परिचित कराने के लिये राजभाषा विभाग के भवन का नामकरण बाबा धरणीधर के नाम पर किया गया है।

उन्होंने बताया कि लघु शोध परियोजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों की रचनाओं को शामिल किया जा रहा है जिससे इन रचनाओं की विरासत की अछुन्नता बनी रहे। उन्होंने उनके जन्म ग्राम मोहखेड़ और राजा जाटवा के देवगढ़ किले में बाबा धरणीधर की पहचान संबंधी कार्य करने का सुझाव भी दिया।

संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश नयन ने कहा कि बाबा धरणीधर की रचनाओं में आम आदमी के दुख-दर्द, सामाजिक विसंगति और विद्रूपताओं के साथ ही भारतीय संस्कृति, लोक तत्व, इतिहास और समसामयिक परिस्थितियों का सजीव चित्रण है। उन्होंने बाबा धरणीधर के मित्र एवं वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीप्रसाद दुबे द्वारा बाबा धरणीधर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केन्द्रित आलेख का वाचन भी किया।

उन्होंने वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश तिवारी द्वारा भेजे गये संस्मरण का भी वाचन कियाए जिसमें श्री तिवारी ने बाबा धरणीधर के साथ बिताये गये क्षणों, उन्हें सुनाई गई अपनी रचना व बाबा धरणीधर की प्रतिक्रिया का उल्लेख किया है। साथ ही यह भी उल्लेखित किया है कि बाबा धरणीधर एकमात्र ऐसे अपवाद साहित्यकार थे जिनके पास जाकर आकाशवाणी ने उनकी रचनाओं की रिकॉर्डिंग की, प्रसारण किया और मानदेय का भुगतान भी किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उर्मिला खरपुसे ने बी.टी.आई. ट्रेनिंग के दौरान पहली बार बाबा धरणीधर से भेंट और कार्यक्रम में छिंदवाड़ा व मध्यप्रदेश पर सुनाई गई रचनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि आज भी ये रचनायें मेरे मानस पटल पर अंकित है तथा इन रचनाओं को सुनने के बाद ही मेरी साहित्यिक अभिरूचि का विकास हुआ। उन्होंने 21वीं सदी के लिये और मेरा मध्यप्रदेश शीर्षक कविताओं के कुछ अंशों का पाठ भी किया। वरिष्ठ साहित्यकार नेमीचंद व्योम ने बाबा धरणीधर के सानिध्य में बिछुआ में आयोजित कवि सम्मेलन, म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता और उनके साथ पारिवारिक व आत्मीय संबंधों की विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ नाट्यकर्मी व साहित्यकार विजय आनंद दुबे ने बाबा धरणीधर की रचना कैसे-कैसे लोग के नाट्य रूपांतर और उनकी उपस्थिति में नाटक का प्रदर्शन करने, उन पर केन्द्रित टेली फिल्म बनाने और उनके माध्यम से कवि बनने की जद्दोजहद के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला।



वरिष्ठ साहित्यकार के.के. मिश्रा ने बाबा धरणीधर से पहली मुलाकात और साहित्यकार पेंशन के उनके आवेदन के बायोडाटा के माध्यम से उनकी गरिमा और व्यक्तित्व की पहचान करने तथा उनके सानिध्य में हुई कवि गोष्ठी की चर्चा करते हुये कहा कि उनका व्यक्तित्व प्रेरक था। वरिष्ठ कहानीकार दिनेश भट्ट ने बाबा धरणीधर को अपनी कहानी गुड्डन सुनाने व उनसे मिले प्रोत्साहन की चर्चा करते हुये कहा कि बाबा धरणीधर के सानिध्य में मेरी कहानी चेतना का विकास हुआ और मैं बेहतर कहानी लिख सका।

# कलेक्टर व सीईओ ने किया एफडीडीआई का दौरा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 12 मार्च को एफ.डी.डी.आई. छिंदवाड़ा का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक रेखा अहिरवार, जिला प्रबंधक छिंदवाड़ा रेवेंद्र येड़े, निर्मल कुमार कटरे व सुखंत कुमार कावड़े, वाई.पी.ई. एन.आर.एल.एम. छिंदवाड़ा आम्रपाली जावलकर व सुरभि बागियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

यात्रा का प्राथमिक फोकस फुटवियर, फैशन और रिटेल विभागों के साथ संभावित सहयोग के अवसरों पर चर्चा करना था, जिसमें क्रॉक्स बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) परियोजना, फुटवियर निर्माण और डिजाइन में एफ.डी.डी.आई. की विशेषज्ञता का लाभ उठाना शामिल था।



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु :** बुधवार को ईमलीखेड़ा स्थित एफडीडीआई का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं सीईओ अग्रिम कुमार।

गणमान्य व्यक्तियों ने एफ.डी.डी.आई. की प्रयोगशालाओं और गैर-चमड़ा उत्पाद विकास क्षेत्रों का दौरा किया, कौशल विकास और उत्पादन तकनीकों में संभावित सहयोग के लिए संस्थान की तकनीकी क्षमताओं का आकलन किया। एफ.डी.डी.आई. की ओर से डॉ. पंकज दुबे और डॉ. गोविंद सोनी ने अपनी तकनीकी टीम के साथ दौरे का मार्गदर्शन किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने एफ.डी.डी.आई. की प्रवेश प्रक्रियाओं और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समर्थन करने में गहरी रुचि व्यक्त की, फुटवियर, फैशन और खुदरा उद्योगों में स्थानीय युवाओं को कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। क्लस्टर विकास और कौशल पहल को बढ़ाने के लिए एफ.डी.डी.आई. और जिला एजेंसियों, उद्योगों और अन्य हितधारकों के बीच संयुक्त सहयोग को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

यह साझेदारी स्थानीय उद्योगों का समर्थन करेगी और रोजगार के अवसरों में सुधार करेगी, खासकर ग्रामीण आबादी के लिए। कलेक्टर श्री सिंह ने विनिर्माण और कौशल विकास के लिए एकीकृत उद्योग क्लस्टर बनाने पर जोर दिया, जिसमें एफ.डी.डी.आई. इन क्षेत्रों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह दौरा जिले में एक स्थायी उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम था, जहां एफ.डी.डी.आई. की विशेषज्ञता कौशल विकास, उद्योग विकास और स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ की टीम भी कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान एफ.डी.डी.आई. में उपस्थित रही।

# शांति और सौहार्द के लिए पूरे शहर में फ्लैग मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज होली और कल धुरेंडी पर्व के साथ रमजान माह के मद्देनजर शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा एक फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, गोलगंज, बड़ी माता मंदिर, गणेश चौक, छोटा तालाब होते हुए आगे बढ़ा और अंततः शहर के तीनों थाना क्षेत्रों कोतवाली, कुंडीपुरा और देहात थाना से होते हुए संपन्न हुआ।

फ्लैग मार्च में डी.एस.पी. यातायात रामेश्वर चौब, नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, डी.एस.पी. ए.जे.के. थाना राजेश बंजारे, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोलानी, थाना प्रभारी कुंडीपुरा मनोज बघेल, थाना प्रभारी देहात गोविंद राजपूत, निरीक्षक सचिन बट्टे, निरीक्षक प्रेमलाल यादव, निरीक्षक खेलचंद पतले तथा पुलिस लाइन एवं तीनों थानों का बल उपस्थित रहा।

इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आमजन में सुरक्षा की भावना को सशक्त करना और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकना था।

प्रशासन आमजन से अपील करता है कि त्योहारों को शांति, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं किसी भी अफ्वाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें की अपील पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है।

## सार-समाचार

### स्टाल के माध्यम से होली पर्व के लिए गोशालाओं द्वारा निर्मित कंडे एवं गोकाष्ठ का विक्रय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले में प्रदूषण रहित होली मनाने के लिये लकड़ी के कम उपयोग के लिये आमजन को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से गौशालाओं में बनने वाले कण्डे एवं गौकाष्ठ के विक्रय किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा अवगत कराया गया कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले की गौशालाओं बाहुबली जीवरक्षा संस्थान मेघासिवनी एवं संत श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा 13 मार्च 2025 को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सामने वाले मैदान में एवं पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में गौशालाओं द्वारा निर्मित कण्डे एवं गौकाष्ठ का विक्रय स्टॉल लगाकर किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

### बाल कल्याण समिति के कार्य एवं कार्यालय में व्यवस्था के संबंध में की गई विस्तृत चर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल देव ठाकरे एवं सभी सदस्यों द्वारा 12 मार्च को सहायक संचालक प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा डॉ. हेमन्त छेकर से बाल कल्याण समिति के कार्य एवं कार्यालय में व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री ठाकरे को अवगत कराया गया कि बाल कल्याण समिति में सभी कार्यालयीन आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है और समय-समय पर किया जाता रहेगा। सभी से अनुरोध किया गया कि बाल कल्याण की दिशा में एवं मानवीय आधार को ध्यान में रखकर किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं 2020 का पालन सुनिश्चित करायें।

### स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) की स्वच्छता रील प्रतियोगिता में 15 अप्रैल तक कर सकते हैं प्रविष्टि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा एक कदम आपकी रील से थीम पर आधारित स्वच्छता रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को स्वच्छता जागरूकता विषय पर रोचक रील तैयार करनी होगी। रील के विषयों में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने, कचरे के दोबारा उपयोग करने और खुले में कचरा न फैलाने जैसे विषय शामिल हैं।

प्रतिभागियों को अपनी रील को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे एक्स, यूट्यूब और फेसबुक पर अधिक से अधिक शेयर करना होगा। इसके बाद रील को https://mp.mygov.in/ पर सबमिट करके प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है। प्रतियोगिता में पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम विजेता को 2 लाख रुपये, द्वितीय विजेता को 1 लाख रुपये, तृतीय विजेता को 50 हजार रुपये तथा दो सांत्वना पुरस्कार के तहत 25-25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### होली के शुभ अवसर पर माता रानी की होगी गुलाल आरती एवं जलेगी कंडे की होली एवं होगा फाग गायन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज चारफाटक में कंडे की होली जलाई जाएगी एवं श्री संतोषी माता मंदिर में माता रानी की गुलाल आरती रात्रि 8 बजे सभी भक्तों द्वारा की जाएगी। विगत 15 वर्षों से चार फाटक में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए कंडे की होली जलाई जाती है, देखते ही देखते आसपास के कई जगहों पर कंडे की होली जलने लगी है जिससे हरे भरे वृक्ष कटने से बच जाते हैं इसके पश्चात स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है।

# पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके ने हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों का किया सम्मान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके से कल 12 मार्च को हम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी और राजेंद्र राय ने भेंट की।

उन्होंने हम फाउंडेशन के राष्ट्रीय सामाजिक संगठन के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में सहभागिता और मुख्य आतिथ्य का आमंत्रण स्वीकार करने के संबंध में चर्चा की तथा संगठन को मार्गदर्शन देने का आग्रह किया।

इस पर पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने विचार करने के लिए कहा तथा संगठन के अधिकारियों का शाल व पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया। हम फाउण्डेशन के सदस्यों ने पूर्व राज्यपाल का तहेदिल से आभार व्यक्त किया है।

# छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय हुआ उपेक्षा का शिकार : एनएसयूआई

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय उपेक्षा का शिकार हुआ है। उन्होनें कहा कि आज प्रदेश के वित्त मंत्री ने अपने बजट में छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी उपेक्षा की शिकार हुई है।

इस यूनिवर्सिटी की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने कार्यकाल में की थी जिसकी 4वर्षो बाद भी बिल्डिंग नहीं बनी और आज भी लायब्रेरी में ही लग रही इतना ही नहीं स्वीकृत स्टाफ की भर्ती भी नहीं हुई है और न ही भवन निर्माण के लिए राशि जारी की गई है। पीजी कॉलेज के पुस्तकालय में कुलपति और चार अन्य स्टाफ के साथ विश्वविद्यालय का संचालन हो रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों की उम्मीदें धूमिल हो रही हैं।

विश्वविद्यालय के लिए सारना में जमीन आवंटित कर दी गई है। भवन का डिजाइन फाइनल हो गया है। अब निर्माण के लिए राशि का इंतजार है, लेकिन शिक्षा पर राजनीति हावी हो रही है। निविदा होने के बावजूद विश्वविद्यालय के लिए बजट नहीं दिया जा रहा है। शासन ने वित्तीय संसाधनों की अनुपलब्धता का हवाला देकर निविदा अस्वीकृत कर जिले के विद्यार्थियों के साथ खिलवाड़ किया है ।

# दिव्यांग बच्चों के साथ खेली होली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कन 12 मार्च दिन बुधवार को दिव्यांग छात्रावास बी टी आई के पास में महिलाओं के बीच होली महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल एक की अध्यक्ष माया बंदेवार ने दी।

उन्होंने बताया महिलाओं के साथ सांसद पत्नी शालिनी विवेक साहू द्वारा दिव्यांग बच्चों बच्चों के बीच पहुॅचकर होली के महत्व को बच्चों के साथ साझा किया और होली की खुशियां बॉटी एवं बच्चों को उपहार स्वरूप होली की टोपी छोटे.छोटे खिलौने पिचकारी और गुलाल, मिष्ठान आदि देकर उनके मंगल भविष्य की कामना उनका रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी एवं भाजपा महिला नेत्रियों द्वारा बच्चों के साथ होली के गीत गाये।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रानू दीपू साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरिमा दामोदर, मंडल अध्यक्ष जय विश्वकर्मा, माया बन्देवार, निशा गोस्वामी, रत्ना साहू, ममता डोंगरे, नेहा वर्मा, मंडल 4 की अध्यक्ष लीला बजोलिया, छात्रावास की आराधना पाटिल, मधु झारिया, ललीता परतेती, पूनम आठनकर, सोनिका आदि उपस्थित थी ।



# 72 जरूरतमंद वृद्धों एवं दिव्यांगो को दिए सक्षम एवं एल्मिको उपकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बुधवार के शुभ दिन छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सक्षम, आधार एवं एल्मिको द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया गया ओर 72 जरूरतमंदों को उपकरण भेंट कर उनके स्वास्थ लाभ की मंगल कामना की गई।

तीन घंटे सफल एवं सराहनीय शिविर के मुख्य अतिथि पी.के. पांडे ज्वाइंट कमिश्नर जी.एस.टी., मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, कार्यक्रम अध्यक्ष सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, एल्मिको जबलपुर से डॉ. नरेंद्र कुमार गंगवार एवं डॉ. प्राणेश मिश्रा उपस्थित रहे। जिनका सक्षम के जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक इंजी. महेश किंथ तथा आधार की संचालिका सरिता पांडे ने आत्मीय अभिनंदन किया।

सभा का सफल संचालन कुशल मंच संचालिका वंशिका जैन ने किया एवं मंगलाचरण दिव्यांग बिटिया ने कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन एवं निगम से स्वच्छता दूत शीतल जैन ने उपस्थित जन समुदाय से स्वच्छता हेतु फीडबेक कराकर छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की अपील की।



# कमलनाथ-नकुलनाथ ने दी होली की बधाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिले व प्रदेशवासियों को होली व धुरेंडी पर्व की ह्रदय से हार्दिक शुभकामनाएं दी है। धुरेंडी के रंग व होली की उल्लास समस्त जनमानस के जीवन में आएं। युवा अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें यही कामना नेताद्वय ने ईश्वर से की है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि संस्कारधानी हमारा छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना जिला साम्प्रदायिक एकता एवं कौमी एकता की मिसाल है। यहां प्रत्येक तीज व त्यौहार को सभी भाईचारें के साथ मिलजुलकर मनाते हैं। छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना जिला कौमी एकता की मिसाल है, यहां से पूरे प्रदेश को भाईचारे का संदेश प्राप्त होता है।

उन्होंने अपने शुभकामना संदेश के अंत में पुनः जिलेवासियों व नगरवासियों को होली एवं धुरेंडी पर्व की शुभकामनाएं दी।

पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को होली व धुरेंडी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रेम, खुशी, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं सफलता के रंगों से मेरे समस्त जिलेवासियों का जीवन रंग जाएं। रंग खेलते समय युवाओं व बच्चों को सावधानी बरतने की सलाह दी साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा से जीवन रक्षा का संदेश भी दिया।

नकुलनाथ ने आगे कहा कि होली रंगों का एक ऐसा त्योहार है जो खुशी, एकता और अच्छाई की जीत का गीत गाता है। आइ, इस रंगीन उत्सव में खो जाएं हंसी के पहल सहेजें और रिश्तों में नई उमंग भरें। होली के रंग आपके जीवन को खुशियों और सकारात्मकता से भर दें। उन्होंने अंत में पुनः जिले व नगरवासियों को होली व धुरेंडी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कांग्रेस परिवार की ओर से नगर व जिलेवासियों एवं कांग्रेस परिवार के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को होली व धुरेंडी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सतरंगी होली के रंगों की तरह सभी के जीवन में ईश्वर खुशियां बिखेरें। अंत में उन्होंने पुनः सभी को होली व धुरेंडी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पाण्ढुर्णा जिले के प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता गंगाप्रसाद तिवारी ने भी पाण्ढुर्णा एवं छिन्दवाड़ा जिलेवासियों को होली एंव धुरेंडी पर्व की शुभकामनाऐं देते हुए कहा है कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इसे सभी जन मिलजुलकर मनाऐं।

## नकुलनाथ 16 को आएंगे छिंदवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान वे पार्टी की संगठनात्मक बैठकों में सम्मिलित होने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी उपस्थित होंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 16 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे एवं छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित होंगे।

17 मार्च 2025 को नकुलनाथ अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में सम्मिलित होंगे। 18 मार्च को अपराहंत उपरांत नकुलनाथ विशेष वायुयान से छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे की जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए हवाई पट्टी पूर्व सांसद का स्वागत करने की कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से अपील की है।

# स्वयंसेवकों ने किया अशोक लीलैंड ड्राइविंग इंस्टीट्यूट का भ्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल के निर्देशन एवं जिला संगठक प्रो. रविन्द्र नाफ्ड़े के नेतृत्व में श्रम सेवा सहयोग की भावना से कार्य करते हुए श्रमदान कार्य को संपन्न किया।

इसके पश्चात अध्ययन यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत अशोक लीलैंड ड्राइविंग इंस्टीट्यूट लिंग का भ्रमण करते हुए शिवरात्रि को रोजगार एवं स्किल संबंधी जानकारी इंस्टिट्यूट के जितेंद्र देशमुख बीडीएम द्वारा जानकारी छात्रों को देते हुए लाइट मोटर व्हीकल एवं हेवी मोटर व्हीकल की प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए युवाओं को रोजगार के लिए इसकी महत्वपूर्ण उपयोगिता बताएं जीवन में ड्राइविंग कौशल सीखकर आर्थिक रूप से अपने आप को किस प्रकार सशक्त बनाया जा सकता है इस बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक शिविर नायक चंचलेश वर्मा, अखिलेश प्रजापति, निकिता माहोरे, महिमा राऊत, सुजीत माहोरे, अमन वर्मा, अर्पित, अभिषेक प्रजापति, अतुल मसराम का विशेष योगदान रहा।

